लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 5652

26 जुलाई, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

वस्त्र उत्पादन

5652. श्री गिरीधारी यादवः

श्रीमती अन्नपुर्णा देवीः

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारत वस्त्र उत्पादन के संदर्भ में वियतनाम, चीन और बांग्लादेश जैसे देशों से काफी पिछड़ रहा है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) इसमें वर्तमान में वैश्विक वस्त्र उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी की तुलना में वियतनाम, चीन और बांग्लादेश की हिस्सेदारी कितनी है?

उत्तर

वस्त्र मंत्री

(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)

(क) और (ख): भारत को बांग्लादेश जैसे देशों से प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ता है, जिन्हें प्रतिस्पर्धी विनिर्माण लागत प्राप्त है और ईयू जैसे मुख्य वस्त्र और अपैरल बाजारों तक शुल्क मुक्त पहुंच प्राप्त है। चीन और वियतनाम वस्त्र उद्योग की अच्छी आर्थिक स्थिति हो गई है जिससे वे वैश्विक आधार पर भारत के वस्त्र उद्योग के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

(ग): वैश्विक आधार पर वस्त्र उत्पादन के आंकड़े नहीं रखे जाते हैं।

*****